हिन्दुस्तान लखनऊ • सोमवार • 08 जनवरी 2018 04

अब सीएससी पर मिलेगी इग्नू की सेवाएं

कार्यशाला

बाराबंकी | हिन्दुस्तान संवाद

ग्रामीण क्षेत्रों तक उच्च शिक्षा की धमक व्यापक स्तर पर पहुंच सके इसके लिए रविवार को जनेस्मा डिग्री कॉलेज ने दूरस्थ शिक्षा व्यवस्था से जुड़े छात्रों की कार्यशाला हुई। इसमें छात्रों को इग्नू के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही बताया कि गया अब सीएससी पर भी इग्नू की सुविधाएं मिल सकेंगी।

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त बिश्वविद्यालय क्षेत्रीय निदेशक लखनऊ मनोरमा सिंह ने जानकारी दी। उन्होंने छात्र-छात्राओं को बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में रह रहे छात्रों को अब आन लाइन फार्म भरने की सुविधा उनके गांव के पास स्थित कामन सर्विस सेंटर (सीएससी) पर उपलब कराई जाएगी। इसके लिए इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) ने सीएससी से राष्ट्रव्यापी समझौता किया है। डिजिटल इंडिया परियोजना के तहत भारत सरकार द्वारा संचालित कामन सर्विस सेंटर के माध्यम से इग्नू के सभी प्रकार के आनलाइन आवेदन पत्र भरना परीक्षा फार्म भरना व फीस जमा करने की सुविधा दी जाएगी। उन्होंने केंद्र संचालकों व विद्यार्थियों को बताया कि स्नातक व परास्नातक की पढ़ाई के साथ 6 माह की अवधि में कौशल विकास आधारित पाठ्यक्रम में प्रवेश ले सकते हैं।

सीएससी के जिला प्रबंधक दिनेश कुमार वर्मा ने सेंटर और उनसे लोगों को लाभ के संबंध में बताया। सहायक क्षेत्रीय निदेशक इग्नू लखनऊ डा. अमित श्रीवास्तव ने केंद्र संचालकों को सीएससी डिजिटल सेवा पोर्टल के माध्यम से ऑन लाइन आवेदन करने के तरीके, कौन-कौन से आवश्यक कागजात स्कैन करके लोड करना है यह पूरी जानकारी दी।

इग्नू स्टडी सेंटर समन्वयक जवाहरलाल नेहरू पीजी कलेज डा. बी के गुप्ता ने भी विस्तार से लोगों को इग्नू व योजनाओं की जानकारी दी। कार्यशाला में राजेश कुमार गुप्ता, जिला समन्वयक शैलेंद्र कुमारमिश्र आदि मौजूद रहे।

रविवार को जनेस्मा महाविद्यालय में इग्नू की कार्यशाला में बोलते वक्तागण • हिन्दुस्तान

सुविधा

- क्षेत्रीय निदेशक इग्नू ने दी दूरस्थ शिक्षा के छात्रों को जानकारी
- अब कामन सर्विस सेंटर सीएससी पर इग्नू की सेवाएं

जनवरी 8, 2018 सोमवार अमर उजाला

कॉमन सर्विस सेंटर से होंगे इग्नू के आवेदन

जवाहर लाल नेहरू मेमोरियल पीजी कॉलेज में कार्यशाला का आयोजन

अमर उजाला ब्यूरो

बाराबंकी।

गांव में रहने वाले विद्यार्थियों को अब ऑनलाइन फार्म भरने की सुविधा उनके पास के कॉमन सर्विस सेंटर पर उपलब्ध कराई जाएगी। इसके लिए इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय ने अपनी सभी ऑनलाइन सेवाओं के लिए काम सर्विस सेंटर से एक समझौता किया है। यह जानकारी इग्नू की क्षेत्रीय निदेशक डॉ. मनोरमा सिंह ने जवाहर लाल नेहरू मेमोरियल पीजी कॉलेज में आयोजित कार्यशाला में केंद्र संचालकों व छात्राओं को दी।

ऑनलाइन आवेदन करने की जानकारी दी



जनेस्मा में इग्नू द्वारा आयोजित कार्यशाला में बोलतीं डॉ. मनोरमा सिंह। *अमर उजाला*

उन्होंने कहा कि डिजिटल इंडिया परियोजना के तहत भारत सरकार द्वारा संचालित कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से इग्नू के सभी प्रकार के ऑनलाइन आवेदन फार्म, परीक्षा फॉर्म भरने व फीस जमा करने की सुविधा इन केंद्रों के माध्यम से गांव में बसे विद्यार्थियों को मुहैया कराई जा सकेगी। क्षेत्रीय निदेशक ने बताया कि विद्यार्थियों को स्नातक एवं परास्नातक के साथ 6 माह की अवधि वाले कौशल विकास आधारित पाठ्यक्रम में प्रवेश दिया जाएगा। इससे पूर्व कॉमन सर्विस सेंटर के जिला प्रबंधक दिनेश कुमार वर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया। सहायक क्षेत्रीय निदेशक डॉ.अमित श्रीवास्तव ने इग्नू के पाठ्यक्रमों के बारे में केंद्र संचालकों को सीएससी की डिजिटल सेवा पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करने की जानकारी दी। इस मौके पर कालेज के प्राचार्य डॉ. आर एस यादव, डॉ.बीके गुप्ता, राजेश कुमार गुप्ता, शैलेंद्र कुमार मिश्रा आदि मौजूद रहे।

'उच्च शिक्षा को बढ़ावा दे रहा इग्नू'

संवादसूत्र, बाराबंकी : जवाहरलाल नेहरू स्मारक पीजी कॉलेज स्थित इग्नू अध्ययन केंद्र पर रविवार को जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इग्नू की डिजिटल सेवाओं के बारे में बताया गया।

इग्नू क्षेत्रीय केंद्र लखनऊ की क्षेत्रीय निदेशक डॉ. मनोरमा सिंह ने बताया कि कॉमन सर्विस सेंटर से इग्नू की डिजिटल सेवाएं ग्रामीण क्षेत्र में निवास कर रहे अभ्यर्थियों एवं विद्यार्थियों के लिए वरदान सिद्ध हो सकती है। जुलाई 2017 सत्र से इग्नू ने अपनी समस्त आवेदन प्रक्रिया ऑनलाइन कर दी है। उन्होंने बताया कि जनवरी 2018 सत्र में प्रवेश लेने के लिए कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से 31 जनवरी तक आवेदन शुल्क ऑनलाइन जमा कर आवेदन कर सकते हैं। यह सुविधा हर ग्राम पंचायत स्तर पर उपलब्ध होने के कारण ग्रामीण क्षेत्र के निवासी सबसे अधिक इसका लाभ उठा पाएंगे। उन छात्रों को भी यह सुविधा मिल सकेगी जिनके पास ऑनलाइन बैंकिग की सुविधा नहीं है। सहायक क्षेत्रीय निदेशक डॉ. अमित कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों को उच्च शिक्षा से जोड़ने के लिए चलाए जा रहे अभियान चलो गांव की ओर को भी बल मिलेगा एवं ग्रामीण क्षेत्रों तक इग्नू की डिजिटल सेवाओं को प्रसार होगा। इस मौके पर इग्नू समन्वयक डॉ. बीके गुप्ता, जनेस्मा प्राचार्य डॉ. रामशंकर यादव, दिनेश कुमार वर्मा, राजेश कुमार गुप्ता, शैलेंद्र कुमार मिश्रा सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

जनेस्मा में आयोजित इग्नू से संबंधित गोष्ठी को संबोधित करती डॉ . मनोरमा सिंह • जागरण